स्थानीय बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय में विज्ञान दिवस पर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित राज्य स्तरीय अन्त:विषय पर परिसंवाद "अन्त: विषय विज्ञान पावरप्वाइंट शीम्पोजिम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ राकेश कुमार भारद्वाज, निदेशक डॉ विपुल शर्मा, परिसंवाद सचिव डॉ गीतिका शर्मा ने डॉ गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ गीतिका शर्मा ने शीर्षक की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्राचार्य डॉ राकेश कुमार भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए परिसंवाद में पहुंची सभी टीम के प्रभारी एवं प्रतिभागियों का भी स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की। महाविद्यालय ट्रस्टी श्री देवेन्द्र देव शर्मा एडवोकेट ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, प्रभारियों, प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी । मुख्य अतिथि डॉ पवन गुप्ता ने प्रतिभागियों को कछुआ और खरगोश कि कहानी से प्रेरित करते हुए जीवन को सफल बनाने का संदेश दिया। डॉ गुप्ता ने परिसंवाद शीर्षक पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान में ऐसे विषयों पर चर्चा संगोष्ठी अतिआवश्यक है । प्रतियोगिता में दस टीमों ने प्रतिभागिता की जिनको एल्फाबेट कोड दिए गए।इस प्रतियोगिता के समापन समारोह पर पधारे मुख्य अतिथि डॉ सुरेन्द्र कौशिक रसायन शास्त्र विभाग,प्रोफेसर एवं डीन आफ कालेज चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी । प्रतियोगिता के निर्याणक मंडल डॉ रेणु शर्मा एवं श्री श्याम वशिष्ठ ने सभी टीम प्रतिभागियों की विषय पर गहराई से चर्चा संगोष्ठी सुनने पर निर्णय करना उनके लिए बड़े मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि प्रत्येक टीम के बीच प्रतियोगिता बड़ी नजदीक प्वाइंटों पर रही ।टीम (F)ने प्रथम टीम (G) ने द्वितीय तथा टीम(I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ सुरेन्द्र कौशिक ने विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागी सभी टीम के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम सचिव डॉ गीतिका शर्मा ने मुख्य अतिथि, सभी टीम प्रभारी, प्रतिभागी विधार्थियों एवं महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने पर हृदय की गहराइयों से धन्यवाद किया।


















BANWARI LAL JINDAL SUIWALA COLLEGE






BANWARI LAL JINDAL SUIWALA COLLEGE, TOSHAM
Committed to Excellence
UNDER THE AEGIS OF DGHE, HARYANA
STATE LEVEL INTERDISCIPLINARY
SCIENCE POWERPOINT
CHIEF GUEST
DR. PAWAN GUPTA


BANWARI LAL JINDAL SUIWALA COLLEGE, TOSHAM
Committed to Excellence
UNDER THE AEGIS OF DGHE, HARYANA
STATE LEVEL INTERDISCIPLINARY
SCIENCE POWERPOINT
CHIEF GUEST
DR. PAWAN GUPTA

